

# बेलेव्यू शहर जल गुणवत्ता रिपोर्ट 2021

2020 में परीक्षण के परिणाम। इस रिपोर्ट में आपके पेयजल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी है।

CITY OF BELLEVUE WASHINGTON

PWS ID 05575B

# जल स्रोत

आप रोज जो स्वच्छ और सुरक्षित पानी पीते हैं, वह
सीडर नदी और टोल्ट नदी का दक्षिणी छोर से आता है। यह पानी कैस्केड वाटर एलायंस (कैस्केड) के जरिए प्राप्त होता है जो अपनी सदस्य संस्थाओं की ओर से सीटल पब्लिक यूटिलिटीज से अपना पानी खरीदता है। कैस्केड के पास झील के जलस्रोत भी है, जो जरूरत पड़ने पर नगरपालिका के पेयजल के भावी स्रोत के रूप में उपलब्ध हो सकते हैं।

कास्केड एक नगर निगम है जिसका गठन 1999 में इस क्षेत्र में नगरपालिकाओं को पानी का भरोसेमंद स्रोत उपलब्ध कराने के लिए किया गया था। इसमें बेलेव्यू, इस्साक्वाह, किर्कलैंड, रेडमंड, तुकविला, सम्मामिश पठार का जल, और स्काईवे जल और सीडर जिला शामिल हैं। स्वच्छ, सुरक्षित और भरोसेमंद पेयजल की अपने समुदाय की भविष्य की उपलब्धता निश्चित करने में हरेक सदस्य आवाज उठा सकता है।

इसके अलावा, कैस्केड अपने सभी भागीदार एजेंसी निवासियों, छात्रों, व्यवसायों और बड़े पैमाने पर समुदाय के लिए कार्यक्रम, आयोजन, जनसंपर्क और शिक्षा की योजना बनाता है और उसे लागू करता है। ये कार्यक्रम पानी का बुद्धिमत्ता से उपयोग करने के सर्वोत्तम तरीके बताने में मदद करते हैं, जिसमें www.cascadewater.org पर उपलब्ध मुफ्त संरक्षण वस्तुएं और संसाधन उपलब्ध कराना शामिल है।

आज पानी बचाने का मतलब है भविष्य में अतिरिक्त जल स्रोत विकसित करने की ज़रूरत में ढील देना। बेलेव्यू यूटिलिटीज और कैस्केड, अन्य सदस्यों और प्रमुख क्षेत्रीय जल प्रदाताओं के सहयोग से, वर्तमान और भावी जल आपूर्ति की ज़रूरतें पूरी करने के लिए सक्रिय रूप से योजना बना रहे हैं। इससे यह सुनिश्चित होगा कि बढ़ती आबादी और प्राकृतिक या अन्य आपात स्थितियों के मामले में पर्याप्त पानी उपलब्ध रहे।

# COVID-19 जानकारी

यह महामारी शुरू हुए एक वर्ष से भी ज्यादा हो गया है। हमें आशा है कि आप और आपका परिवार सुरक्षित और स्वस्थ होंगे, और हम आपको भरोसा दिलाना चाहते हैं कि बेलेव्यू यूटिलिटीज उच्च गुणवत्ता का सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराती रहेगी। इस चुनौतियों से भरे दौर में, हमारे कर्मचारियों ने आपकी सेवाओं की सहायता में ज़रूरी कार्यों को जारी रखा है, जैसे कि वितरण प्रणाली प्रचालित करना, नियमित रखरखाव करना, आपातकालीन मरम्मत करना, पानी के नमूने एकत्रित करना और हमारे पानी के बुनियादी ढांचे में सुधार करना।

COVID-19 के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए, कृपया बेलेव्यू शहर की वेबसाइट
www.bellevuewa.gov/COVID-19 पर जाएँ
या वाशिंगटन राज्य के स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट
www.doh.wa.gov/emergencies/COVID19 पर जाएं।

अगर आपके पेयजल के बारे में आपके कोई प्रश्न या चिंताएं हैं, तो कृपया बेलेव्यू यूटिलिटीज, 425-452-7840 पर हमसे संपर्क करें।



2020 चुनौतियों से भरा वर्ष था। हमारे कर्मचारी चाहे घर से काम कर रहे हों या फील्ड में रखरखाव और मरम्मत कर रहे हों, उन्होंने और अग्रिम पंक्ति के कर्मियों ने हमारे समुदाय में सभी को उच्च गुणवत्ता का सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अथक प्रयास किया है।

# जल परिशोधन

आपके स्वास्थ्य के संरक्षण और जल गुणवत्ता में सुधार करने के लिए, टोल्ट नदी और सीडर नदी से हमारे पेयजल की आपूर्ति पराबैंगनी प्रकाश (UV) और ओज़ोन से कीटाणुरहित है। गूढ़-बीजाणुक (क्रिप्टोस्पोरिडियम) और अन्य सूक्ष्म जीवों को नष्ट करने में ओज़ोन के उपयोग से कीटाणुरहित करना बहुत ही कारगर है। हैजा, जिआर्डियासिस, और साल्मोनेलोसिस जैसी बीमारियां रोकने के लिए आपके पानी में क्लोरीन मिलाया जाता है और जल वितरण प्रणाली में होने पर यह उसके पुनर्संदूषण से सुरक्षात्मक बाधा के रूप में काम करता है। आपके पेयजल में क्लोरीन का औसत स्तर 2020 में प्रति मिलियन अंश (पीपीएम) 0.90 था। 1968 में सीटल सार्वजनिक मतदान के अनुसार दांतों की सड़न रोकने के लिए परिशोधन के दौरान SPU द्वारा फ्लोराइड मिलाया जाता है। आपके पेयजल में औसत फ्लोराइड का स्तर 2020 में 0.66 ppm था। इसके अलावा, pH स्तर (अम्लता की एक माप) को 8.2 के लक्ष्य तक बढ़ाने के लिए पानी की आपूर्ति में सोडियम हाइड्रॉक्साइड मिलाया जाता है। इन pH स्तरों को प्लंबिंग के लिए पानी को कम संक्षारक बनाने और पेयजल में घुलने वाले सीसे और तांबे की मात्रा घटाने के लिए समायोजित किया जाता है। परिशोधन के बाद, आपके पानी में बहुत कम संदूषक रह जाते हैं, और जो मौजूद होते हैं वे स्वीकार्य सीमा से कम होते हैं।

**क्लोरीन 0.90** | **फ्लोराइड 0.66**

**ppm** प्रति मिलियन अंश

**8.2** लक्ष्यगत pH स्तर



# जल गुणवत्ता डेटा

आपके पानी की पूरे वर्ष निगरानी करते हुए परीक्षण किया जाता है। लगभग 200 रासायनिक यौगिकों के परीक्षण के बाद, केवल कुछ ही पाए गए (नीचे तालिका देखें)। अपने आप 2020 में परीक्षण किए गए, लेकिन नहीं पाए गए रासायनिक यौगिकों की पूरी सूची देखना चाहते हैं, तो कृपया जल गुणवत्ता को 425-452-6192 पर फोन करें या BellevueWA.gov/Water-Quality पर जाएं।

| | | EPA's स्वीकार्य सीमाएं | | सीडर के जल में स्तर | | टोल्ट के जल में स्तर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाए गए यौगिक | इकाइयां | MCLG | MCL | औसत | रेंज | औसत | रेंज | विशिष्ट स्रोत |
| **सादा पानी** | | | | | | | | |
| कुल कार्बनिक कार्बन | ppm | NA | TT | 0.7 | 0.3 से 1.1 तक | 1.15 | 1.0 से 1.3 तक | पर्यावरण में प्राकृतिक रूप से मौजूद |
| **परिशोधित जल** | | | | | | | | |
| मैलापन | NTU | NA | TT | 0.3 | 0.15 से 3.1 तक | 0.04 | 0.02 से 0.18 तक | पायी गयी मिट्टी |
| संखिया (आर्सेनिक) | ppb | 0 | 10 | 0.4 | 0.4 से 0.5 तक | 0.4 | 0.3 से 0.5 तक | प्राकृतिक तलछटों का क्षरण |
| बेरियम | ppb | 2000 | 2000 | 1.5 | 1.4 से 1.7 तक | 1.2 | 1.1 से 1.3 तक | प्राकृतिक तलछटों का क्षरण |
| ब्रोमेट | ppb | 0 | 10 | 0.2 | ND से 5 तक | ND | ND | पेयजल कीटाणुनाशकरण का सह-उत्पाद |
| फ्लोराइड | ppm | 4 | 4 | 0.7 | 0.6 से 0.8 तक | 0.7 | 0 से 0.8 तक | जल योगज, जो दांतों को मज़बूती देता है |
| कुल ट्राइहेलोमिथेन्स | ppb | NA | 80 | औसत = 32<br>रेंज = 22.5 से 53.0 तक | | | | पेयजल क्लोरिनेशन का सह-उत्पाद |
| हेलोएसिटिक एसिड्स (5) | ppb | NA | 60 | औसत = 37<br>रेंज = 17.9 से 50.7 तक | | | | |
| क्लोरीन | ppm | MRDLG = 4 | MRDL = 4 | औसत = 0.90<br>रेंज = 0.06 से 1.77 तक | | | | रोगाणुओं को नियंत्रित करने में प्रयुक्त जल योजक |

परिभाषाएं

MCLG: अधिकतम संदूषक स्तर लक्ष्य - पेयजल में किसी संदूषक का स्तर जिसके नीचे स्वास्थ्य के लिए कोई ज्ञात या अपेक्षित जोखिम नहीं हो। MCLGs में सुरक्षा की एक गुंजाइश रहती है।

MCL: अधिकतम संदूषक स्तर - किसी संदूषक का उच्चतम स्तर जिसकी पेयजल में अनुमति हो। MCLs को सर्वोत्तम उपलब्ध परिशोधन तकनीक के उपयोग से यथासंभव MCLGs के निकट समायोजित किया गया है।

MRDL: अधिकतम अवशिष्ट कीटाणुनाशक स्तर - पेयजल में अनुमत कीटाणुनाशक का उच्चतम स्तर। इस बात के पक्के प्रमाण हैं कि रोगाणु-संबंधी संदूषकों के नियंत्रण के लिए कोई कीटाणुनाशक जोड़ना ज़रूरी है।

MRDLG: अधिकतम अवशिष्ट कीटाणुनाशक स्तर लक्ष्य - पेयजल में कीटाणुनाशक का स्तर जिसके नीचे स्वास्थ्य के लिए कोई ज्ञात या अपेक्षित जोखिम न हो। MRDLGs रोगाणु-संबंधी संदूषकों को नियंत्रित करने में कीटाणुनाशक के उपयोग के लाभ नहीं दर्शाते हैं।

TT: परिशोधन तकनीक - पेयजल में संदूषक का स्तर घटाने के लिए एक ज़रूरी प्रक्रिया।

NTU: आविलता-संबंधी (नेफेलोमेट्रिक) मैलापन इकाई - मैलापन इस बात का मापन है कि पानी कितना साफ दिखता है। 2019 में सीडर की आपूर्ति पर लागू होने वाला मैलापन MCL 5 NTU है, और टोल्ट की आपूर्ति के लिए यह एक महीने में कम से कम 95% नमूनों के लिए 0.3 NTU था। 2019 में टोल्ट के 100% नमूने 0.3 NTU से नीचे थे।

NA: लागू नहीं

ND: नहीं मिला

ppm: 1 प्रति मिलियन अंश = 1 mg/L = 1 मिलिग्राम प्रति लीटर

ppb: 1 प्रति बिलियन अंश = 1 ug/L = 1 माइक्रोग्राम प्रति लीटर

1 ppm =1000 ppb

# सीसा और तांबा



## प्लंबिंग फिक्सचर से सीसा घटाना

अगर मौजूद हो, तो सीसे का ऊंचा स्तर गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है, विशेषकर गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए। पेयजल में सीसा मुख्य रूप से सर्विस लाइन और घरेलू प्लंबिंग से जुड़ी सामग्री और पुर्जों से होता है। बेलेव्यू यूटिलिटीज उच्च गुणवत्ता का पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार है, लेकिन वह प्लंबिंग पुर्जों में प्रयुक्त विविध सामग्री को नियंत्रित नहीं कर सकता।

जब आपका पानी कई घंटों से रुका हो, तो आप पीने या खाना पकाने के लिए पानी का उपयोग करने से पहले अपने नल को 30 सेकंड से 2 मिनट तक फ्लश करके सीसे के जोखिम की संभावना घटा सकते हैं। अगर आप अपने पानी में सीसे को लेकर चिंतित हैं, तो आप अपने पनी का परीक्षण करवाना चाहेंगे। पेयजल में सीसे, उसकी परीक्षण विधियों और जोखिम घटाने के लिए आप जो कदम उठा सकते हैं, उसकी जानकारी सुरक्षित पेयजल हॉटलाइन 1-800-426-4791 या www.epa.gov/safewater/lead पर उपलब्ध है।

2020 में, बेलेव्यू यूटिलिटीज सेवा क्षेत्र में 62 घरों से सीसे और तांबे के लिए नल के पानी के नमूने एकत्रित किए गए और उनका विश्लेषण किया गया। ये नमूने वाशिंगटन राज्य के स्वास्थ्य विभाग की अपेक्षानुसार हर तीन वर्ष में एकत्रित किए जाते हैं। हम अगले नमूने अगस्त 2023 में एकत्रित करेंगे। 2020 के नमूनों के परिणाम नीचे दिए गए हैं।

### सीसे और तांबे की जांच के परिणाम

| आयाम और इकाइयां | MCLG | कार्रवाई का स्तर* | 2020 परिणाम** | कार्रवाई स्तर लांघने वाले घर | स्रोत |
|---|---|---|---|---|---|
| सीसा, ppb | 0 | 15 | 5.1 | 62 का 0 | घरेलू प्लंबिंग प्रणालियों का क्षरण |
| तांबा, ppm | 1.3 | 1.3 | 0.16 | 62 का 0 | |

* किसी संदूषक का संकेंद्रण, जो सीमा लांघने पर परिशोधन या अन्य ज़रूरतें पैदा करती है जिनका किसी भी जल प्रणाली को पालन करना चाहिए।

** 90वाँ प्रतिशत: यानी 90 प्रतिशत नमूने दिखाए गए मानों से कम थे।

# लीजियनेला की रोकथाम

## फिर से खोलने हेतु मार्गदर्शन

## व्यवसाय

### लीजियनेला रोगजनक बैक्टीरिया हैं जो फेफड़ों के गंभीर संक्रमण का कारण बन सकते हैं।


COVID-19 के प्रसार को धीमा करने में मदद करने के लिए कई इमारतें जनता के लिए बंद हैं या उन तक सीमित पहुंच है। पानी के उपयोग में परिणामी गिरावट से बायोफिल्म के निर्माण का खतरा बढ़ जाता है जो प्लंबिंग और संबंधित उपकरणों जैसे कूलिंग टॉवर, पूल, सजावटी फव्वारे, हॉट टब और अन्य उपकरणों के निर्माण में लीजियनेला के विकास को बढ़ावा देता है। लीजियनेला की वृद्धि रोकने के लिए, इन प्रणालियों को सक्रिय रूप से प्रबंधित और अनुरक्षित करना चाहिए।

अगर लीजियनेला कम-उपयोग की अवधि के दौरान बढ़ता है, तो इमारत के प्रयोक्ताओं को प्रणाली बंद रहने के दौरान और पूर्ण उपयोग फिर शुरू होने पर लीजियनेरेस रोग और पोंटिएक बुखार होने का अधिक जोखिम होता है। लीजियनेला तो प्राथमिक जोखिम है ही, प्रणाली के बंद रहने या कम उपयोग की स्थितियों से अन्य अवसरवादी रोगजनक और धातु क्षरण चिंताएं भी बढ़ जाती हैं।

इमारत बंद रहने और कम निवासियों के कारण इमारतों के अंदर काम करने वाली सभी पर्यावरणीय प्रणालियों प्रभावित होती हैं जिसमें 1) पीने योग्य और गैर-पीने योग्य पानी की व्यवस्था, 2) प्रशीतक टॉवर, और 3) तापन, संवातन और वातानुकूलन (HVAC) शामिल हैं जो आंतरिक सापेक्ष आर्द्रता और नियंत्रण व्यवस्था को दुरुस्त करते हैं। इमारत के प्रयोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इन प्रणालियों को सक्रिय रूप से प्रबंधित और अनुरक्षित करना चाहिए। बंद रहने की अवधि के दौरान प्रबंधन प्रणालियों के अलावा, इमारत के मालिकों और प्रचालकों को कर्मचारियों और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विचारशील आरंभिक प्रोटोकॉल लागू करना चाहिए।
(स्रोत: वाशिंगटन का स्वास्थ्य विभाग)


लीजियनेला के बारे में अधिक जानकारी और सुरक्षित ढंग से फिर खोलने की प्रक्रियाओं के बारे में मार्गदर्शन के लिए, कृपया इमारत के प्लंबिंग प्रणाली मार्गदर्शन के तहत वाशिंगटन के स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट www.doh.wa.gov/CommunityandEnvironment/DrinkingWater, या रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र की वेबसाइट www.cdc.gov/legionella/index.html पर जाएं।

इमारत बंद रहने और कम निवासियों के होने पर निम्नलिखित सहित इमारत की सभी पर्यावरण प्रणालियां प्रभावित होती हैं:



# उल्टे प्रवाह की रोकथाम

## हमारा पेयजल साफ और सुरक्षित रखने के लिए




### 1 विपरीत-प्रवाह असेंबली उपकरण का पता लगाएँ या स्थापित करें।

अगर आपके पास कोई भूमिगत सिंचाई प्रणाली है, तो यह जांच करें कि क्या आपके पास विपरीत-प्रवाह असेंबली है। विपरीत-प्रवाह असेंबली एक पीतल का वाल्व है जो आमतौर पर आपके पानी के मीटर और उस जगह के बीच अक्सर मीटर बॉक्स जैसे एक छोटे हरे रंग के बॉक्स में होती है जहां आपकी जल सेवा लाइन आपके घर में प्रवेश करती है। अगर आपकी सिंचाई प्रणाली में विपरीत-प्रवाह असेंबली शामिल नहीं है या अगर आप कोई नई भूमिगत सिंचाई प्रणाली स्थापित कर रहे हैं, तो बेलेव्यू शहर के प्लंबिंग कोड के लिए आपको कम से कम एक डबल चेक वाल्व असेंबली (DCVA) स्थापित करनी होगी।

### 2 अपने विपरीत-प्रवाह असेंबली उपकरण का वार्षिक परीक्षण करें।

एक बार स्थापित या स्थित होने के बाद, आपको इसे राज्य-प्रमाणित विपरीत-प्रवाह असेंबली परीक्षक से वार्षिक परीक्षण करवाना होगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि असेंबली सार्वजनिक पेयजल की रक्षा के लिए ठीक से काम कर रही है। राज्य-प्रमाणित परीक्षकों की सूची या विपरीत-प्रवाह असेंबली परीक्षण पर किसी भी प्रश्न के लिए, कृपया बेलेव्यू शहर विपरीत-प्रवाह रोकथाम से 425-452-4201 पर संपर्क करें या BellevueWA.gov/backflow पर जाएं।

### 3 अपनी सिंचाई प्रणाली का ठीक से रखरखाव करें।

अपनी सिंचाई प्रणाली को शीतकालित करते समय, यह सुनिश्चित करें कि संपीड़ित हवा किसी उचित रूप से स्थापित ब्लोआउट कनेक्शन से जुड़ी हुई हो ताकि हमारी जल वितरण प्रणाली में हवा का अनजाने में प्रवेश न हो सके।



# US EPA से संदेश

पेयजल स्रोतों (नल का पानी और बोतलबंद पानी दोनों) में नदियाँ, झीलें, नाले, तालाब, जलाशय, झरने और कुएँ शामिल हैं जैसे ही पानी जमीन की सतह पर या जमीन के जरिए आगे बढ़ता है, तो यह प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले खनिजों, कुछ मामलों में, रेडियोधर्मी सामग्री, और जानवरों की उपस्थिति या मानव गतिविधि से उत्पन्न पदार्थों को अपने में घोल देता है। बोतलबंद पानी सहित पेयजल में कम से कम कुछ मात्रा में तो संदूषक हो ही सकते हैं। यह ज़रूरी नहीं कि इन संदूषकों की उपस्थिति यह संकेत दे कि इस पानी से स्वास्थ्य को जोखिम है। दूषित पदार्थों और संभावित स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में अधिक जानकारी EPA की सुरक्षित पेयजल हॉटलाइन 1-800-426-4791 पर फोन करके पायी जा सकती है।

कुछ लोग आम लोगों की तुलना में पेयजल में दूषित पदार्थों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। कमज़ोर रोग-प्रतिरोधकता वाले व्यक्ति जैसे कि कीमोथेरेपी से गुजरने वाले कैंसर पीड़ित, अंग प्रत्यारोपण कराने वाले व्यक्ति, एचआईवी/एड्स या अन्य प्रतिरक्षा प्रणाली विकार वाले लोग, कुछ बुजुर्ग और शिशुओं को इससे विशेष रूप से संक्रमण का खतरा हो सकता है। इन लोगों को अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं से पेयजल के बारे में सलाह लेनी चाहिए। गूढ़-बीजाणुक (क्रिप्टोस्पोरिडियम) और अन्य रोगाणुकारी संदूषकों द्वारा संक्रमण का जोखिम घटाने के लिए उपयुक्त साधनों पर पर्यावरण संरक्षण एजेंसी/रोग नियंत्रण केंद्र दिशानिर्देश सुरक्षित पेयजल हॉटलाइन 1-800-426-4791 पर से उपलब्ध हैं।

# जल उपयोग दक्षता

आज और भविष्य में हमारे समुदाय की जरूरतों के लिए पानी की एक सुरक्षित, भरोसेमंद आपूर्ति प्रदान करने के लिए पानी का कुशलतापूर्वक उपयोग करना महत्वपूर्ण है। बेलेव्यू और अन्य सदस्यों की ओर से, कैस्केड 31 दिसंबर, 2022 तक प्रतिदिन 0.4 मिलियन गैलन की संचयी, वार्षिक पेयजल बचत हासिल करने के लिए अपने संसाधन समर्पित करेगा।

2020 में, बेलेव्यू युटिलिटीज़ ने अपने ग्राहकों को 5.56 बिलियन गैलन पानी की आपूर्ति की। बेलेव्यू की जल प्रणाली पूरी तरह मापी जाती है। शहर अपनी पूरी वितरण प्रणाली में रिसाव के कारण होने वाले पानी का नुकसान घटाकर पानी के सदुपयोग को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभाता है। वितरण प्रणाली में रिसाव या पानी की कमी 2020 में कुल खपत की 4.0 प्रतिशत थी, जो वाशिंगटन राज्य के 10 प्रतिशत के मानक से नीचे थी।

कैस्केड वाटर एलायंस (कैस्केड) अपने सदस्यों की ओर से जल दक्षता कार्यक्रम और अन्य सेवाएं प्रदान करता है, जिनमें बेलेव्यू, इस्साक्वा, किर्कलैंड, रेडमंड, तुकविला, सम्मामिश पठार जल जिला और स्काईवे वाटर और सीवर जिला शामिल हैं। 2020 में कैस्केड ने सुदूर वितरण विकल्पों के लिए संरक्षण कार्यक्रम उपाय अपनाकर और कुछ कार्यक्रम यथावत् प्रस्तावित करते हुए महामारी को अच्छा जवाब दिया।


## 2020 :

- जल शिक्षा के लिए कक्षा में प्रस्तुतियाँ
- छात्रों के लिए घर पर पानी का अध्ययन जारी रखने के लिए दूरस्थ शिक्षण सामग्री विकसित की गई
- ऑनलाइन शिक्षण पैकेट्स को 8,205 बार एक्सेस किया गया
- 7,053 छात्र सूचकांक के साथ 295 कक्षा प्रस्तुतियाँ दी गईं
- सीखने की सामग्री के लिए विकसित सहायक वीडियो
- लाइव दूरस्थ कक्षाएं प्रस्तावित की गयीं
- उन शिक्षकों और छात्रों को सहायता दी गयी जो जल प्रणालियों के लिए समस्या-आधारित शिक्षा कार्यक्रम के जरिए जल प्रणालियों और पानी के मुद्दों के बारे में अधिक गहराई से सीखना चाहते हैं
- कैस्केड के कार्यक्रमों और पानी की समस्याएं प्रदर्शित करने वाले "हमारे लिए पानी ज़रूरी है" अभियान का शुभारंभ
- EnergyStar और WaterSense फव्वारे और धोबियों को 3,214 रियायतें
- कैस्केड की वेबसाइट के जरिए उपलब्ध कराए गए 3,392 मुफ्त शावर टाइमर, रेन गेज, टॉयलेट रिसाव संसूचक रंग और अन्य संरक्षण वस्तुएं
- ग्राहकों को वितरण के लिए बहु-पारिवारिक संपत्तियों और कैस्केड सदस्यों के अनुरोध पर मुफ्त संरक्षण वस्तुएं वितरित की गयीं
- उत्तर-पश्चिमी फूल और बाग़बानी प्रदर्शनी में भागीदारी
- लाइव दूरस्थ बागवानी कक्षाएं
- US EPA के वार्षिक रिसाव रोकथाम सप्ताह का प्रचार
- स्कूल जिलों, उद्यान विभागों और मकान-मालिक संघों जैसे उच्च-उपयोग वाले ग्राहकों के लिए सिंचाई प्रणाली का आकलन
- मृदा और जल प्रबंधन कार्यक्रम पूरा करने के लिए टिल्थ एलायंस के साथ साझेदारी, जो निवासियों को स्थायी भूनिर्माण, वर्षा जल संचयन, रिसन सिंचाई और पानी से संबंधित अन्य विषयों पर प्रशिक्षित करता है।
- कुशल सिंचाई प्रणाली प्रबंधन और टिकाऊ भूनिर्माण के बुनियादी सिद्धांतों पर छात्रों और उद्योग के लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए चिरकालिक लैंडस्केप प्रौद्योगिकी मान्यता-प्राप्त कार्यक्रम के प्रस्ताव हेतु लेक वाशिंगटन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के साथ साझेदारी
- निवासियों को प्रवाह अन्वीक्षक के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए स्नो-किंग वाटरशेड परिषद के साथ साझेदारी

इन कार्यक्रमों और सेवाओं ने हमारे जल संसाधनों की जल दक्षता और प्रबंधन को बढ़ावा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप सभी कैस्केड सदस्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले हजारों ग्राहक हमसे जुड़े, और 2020 में प्रतिदिन 48,316 गैलन पानी की अनुमानित बचत हासिल की। 2019 की बचत के साथ, यह कैस्केड के 2019-22 जल उपयोग दक्षता लक्ष्य के 47.7% के बराबर है।

जल दक्षता कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानने के लिए और पानी बचाने के लिए आप क्या कर सकते हैं, इसके लिए कैस्केड वाटर एलायंस www.cascadewater.org/conservation.php पर जाएं।

# THE VALUE OF WATER



## पानी के बिना सुबहें एक जैसी नहीं होंगी

आप शायद इस बारे में नहीं सोचते कि पानी आपको कैसे मिलता है या जब यह नाले में बहता है तो कहाँ जाता है। इसकी चिंता आपको नहीं करनी है, क्योंकि हम करते हैं। हम परिशोधन संयंत्र, पंप और पाइप चलाते हैं जो स्वच्छ पानी देते हैं और सुरक्षित रूप से अपशिष्ट जल को हटा देते हैं। लेकिन ये प्रणालियां पुरानी पड़ रही हैं। जीवन का सबसे आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना जारी रखने के लिए कई भागों को ठीक करने, उन्नत करने या बदलने की ज़रूरत है। उनके टूटने तक प्रतीक्षा करना कोई अच्छा विकल्प नहीं है।

आपके पानी और अपशिष्ट जल के बिल उन निवेशों का भुगतान करते हैं जो आपके सुबह जागते ही स्वच्छ, सुरक्षित पानी उपलब्ध होने की गारंटी देते हैं। और पूरे दिन, हर दिन।

**ज़रूरी। भरोसेमंद। अनमोल।**

**जानें कि पानी आपके लिए कैसे काम करता है।**
**TheValueofWater.org पर जाएं**

**बेलेव्यू आपकी जल प्रणाली में कैसे निवेश करता है, यह जानने के लिए**
**BellevueWA.gov/Utilities-Capital-Projects पर जाएं**

Washington State Department of Health

DOH.wa.gov/drinkingwater

Value of Water COALITION

thevalueofwater.org

# पानी पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## बेलेव्यू का पेयजल भारी है या हल्का?

बेलेव्यू का पेयजल बहुत हल्का होता है। आपको कपड़े या डिशवाशिंग मशीन के लिए विशेष पानी सौम्यक (सॉफ़्नर) का उपयोग करने की ज़रूरत नहीं। पानी का "भारीपन" और "हल्कापन" कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे खनिजों के संकेंद्रण के कारण होती है। कम खनिज सामग्री होने पर पानी को "हल्का" माना जाता है। बेलेव्यू के पेयजल में लगभग 1.42 कण प्रति गैलन या 24.3 मिलीग्राम/लीटर का भारीपन है।

## क्या मुझे अपने पानी की जांच करवानी चाहिए?

बेलेव्यू के पेयजल की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर परीक्षण और निगरानी व्यवस्था है। सप्ताह भर 24 घंटे पानी की गुणवत्ता की निगरानी करने वाले 16 ऑनलाइन विश्लेषकों के अलावा हर महीने 150 जीवाणु-संबंधी नमूने लिए जाते हैं। इसके अलावा, हर तिमाही में व्यापक रासायनिक विश्लेषण किया जाता है। यदि आप स्व-संचालित परीक्षण करवाना चाहते हैं, तो हम किसी राज्य-प्रमाणित पेयजल प्रयोगशाला का उपयोग करने और किसी भी उस घरेलू परीक्षण किट या ऑनलाइन विक्रेताओं से बचने की सलाह देते हैं जो राज्य द्वारा प्रमाणित न हो। प्रमाणित प्रयोगशाला खोजने के लिए, कृपया ecology.wa.gov/Regulations-Permits/Permits-certifications/Laboratory-Accreditation पर जाएं। नमूना परिणाम या परीक्षण पर प्रश्नों के लिए, कृपया पानी की गुणवत्ता से यहां 425-452-6192।

## सिंक और नालियों के आसपास गुलाबी या काले धब्बे क्यों होते हैं?

वे गुलाबी या काले धब्बे वायुजनित खमीर, मोल्ड और/या बैक्टीरिया की मिश्रित उपस्थिति हैं जो नम परिस्थितियों में अच्छी तरह से विकसित होते हैं। वे आपके पेयजल से उत्पन्न नहीं हुए हैं। ये घटनाएँ विशेष रूप से गर्मियों में बढ़ सकती हैं जब आर्द्रता और गर्म तापमान रोगाणुओं की विकास दर को बढ़ाते हैं। बार-बार सफाई करने से इनसे बचा जा सकता है।

## अगर मेरे पानी में अजीब सी गंध, स्वाद या रंगरूप है तो मुझे किससे संपर्क करना चाहिए?

यह जरूरी नहीं कि आपके पानी की गंध, स्वाद या रंग में बदलाव स्वास्थ्य संबंधी चिंता हो। हालांकि, कभी-कभी ऐसा बदलाव समस्याओं का संकेत हो सकता है। यदि आप अपने पानी में कोई बदलाव देखते हैं, तो कृपया बेलेव्यू यूटिलिटीज को यहां 425-452-7840 फोन करें।

W21

बेलेव्यू शहर यूटिलिटीज़
PO Box 90012
Bellevue, WA 98009-9012

PRSRT STD
U.S. डाकखर्च
भुगतान किया
Bellevue, WA
परमिट सं. 61

**ECRWSS**
**डाकघर ग्राहक**

## महत्वपूर्ण संपर्क सूचना

**बेलेव्यू शहर यूटिलिटीज़ प्रचालन एवं अनुरक्षण**
2901 115th Ave NE, Bellevue, WA 98004
सोमवार से शुक्रवार: 7:00 am – 3:30 pm
ईमेल: **OMSupport@bellevuewa.gov**
वेबसाइट: **www.bellevuewa.gov/utilities**

उपयोगिताओं के कर्मचारी आपात स्थिति में चौबीसों घंटे जवाब देने के लिए ऑन-कॉल उपलब्ध हैं। पेयजल की गुणवत्ता, क्रॉस कनेक्शन और विपरीत प्रवाह असेंबली परीक्षण, पानी के मुख्य ब्रेक, बहाव, नाले के अतिबहाव, या प्रदूषक बिखरावों के बारे में प्रश्नों या सहायता के लिए, कृपया 425-452-7840 पर फोन करें।

गैर-कार्य घंटों के दौरान, आपातकालीन फोन के उन कर्मचारियों द्वारा उत्तर दिए जाते हैं जो उपयुक्त स्टैंड-बाय कर्मियों से संपर्क करेंगे।

इसमें शामिल हों! पर्यावरण सेवा आयोग एक नागरिक समूह है जो उपयोगिता के मुद्दों पर बेलेव्यू सिटी काउंसिल को सलाह देता है। मिलने की तारीखों और अन्य जानकारी के लिए **ESC@bellevuewa.gov** पर ईमेल करें या **BellevueWA.gov/ESC** पर जाएं।

**City Hall**
450 110th Ave NE, Bellevue, WA 98009-9012
पहले सेवा (सामान्य जानकारी) **425-452-6800**
**www.bellevuewa.gov**

**यूटिलिटी बिलिंग 425-452-6973**
अपना यूटिलिटी बिल ऑनलाइन भरने के लिए, कृपया यहां जाएं
**www.myutilitybill.bellevuewa.gov**

**परमिट प्रोसेसिंग 425-452-4898**
**www.mybuildingpermit.com**

**EPA हॉटलाइनें**
सुरक्षित पेयजल **1-800-426-4791**
**water.epa.gov**

**वाशिंगटन राज्य स्वास्थ्य विभाग**
**पेयजल कार्यालय 253-395-6750**
**www.doh.wa.gov/CommunityandEnvironment/DrinkingWater**

इस रिपोर्ट में आपके पेयजल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी है।
इसे अन्य भाषाओं में पढ़ने के लिए, **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality पर जाएं।**

Các báo cáo này chứa các thông tin quan trọng về nước uống của quý vị. Để đọc bằng các thứ tiếng khác, truy cập **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

Данный отчет содержит важные сведения о питьевой воде в вашем регионе. На других языках он доступен по адресу: **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

Este informe contiene información importante acerca del agua potable. Para leerla en otros idiomas, visite **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

本報告內含關於您飲用水的重要資訊。 若需要使用其他語言閱讀此資訊，請參觀網站 **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

이 보고서에는 식수에 관한 중요한 정보가 들어 있습니다. 다른 언어로 읽으시려면, 다음 웹페이지를 방문하십시오: **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

本報告書にはあなたの飲料水に関する重要な情報が記載されています。 英語以外の言語でお読みになる場合、**www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality** をご覧ください。

इस रिपोर्ट में आपके पीने के पानी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी है। इसे अन्य भाषाओं में पढ़ने के लिए **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality** पर जाएं

MyBellevue एप्प यहां उपलब्ध है:
GET IT ON Google Play
Available on the App Store

वैकल्पिक प्रारूपों, दुभाषियों, या उचित आवास अनुरोधों के लिए कृपया कम से कम 48 घंटे पहले 425-452-5215 (आवाज़) पर फोन करें या jguthrie@bellevuewa.gov पर ईमेल करें। आवास संबंधी शिकायतों के लिए, सिटी ऑफ़ बेलेव्यू ADA/टाइटिल VI प्रशासक से 425-452-6168 (आवाज़) पर संपर्क करें या ADATitleVI@bellevuewa.gov पर ईमेल करें। यदि आप बधिर हैं या सुनने में कठिनाई है तो 711 डायल करें।
सभी बैठकों में व्हीलचेयर पर भी शामिल हो सकते हैं।

ग्राहकोत्तर, रिसाइकिल्ड कागज़ पर सोया-आधारित स्याही से मुद्रित।